दिनांक 17.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

लोक सुराज अभियान में बांटे गये गैस कनेक्शन, राशन, मजदुर कार्ड, बांटे गये प्रमाण–पत्र

भिलाईनगर/ लोक सुराज अभियान के छटवें दिन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सुपेला वार्ड क्र. 4,5,6 व 12 के निवासियों के लिए लक्ष्य समाधान शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें शासन द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के विभागों के प्रतिनिधि अपने–अपने काउंटरों पर उपस्थित थे। मुख्य रुप से बीपीएल राशन कार्ड, मजदुर कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना, आधार कार्ड, शहरी आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, लोककर्म, विद्युत, उद्यान, प्रधानमंत्री आवास, स्वास्थ्य, भवन अनुज्ञा, योजना, शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी अपने–अपने काउंटर पर उपस्थित थे। नगर निगम भिलाई द्वारा विशेष रुप से संम्पत्तिकर जमा करने एवं आधार कार्ड के पंजीयन की व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीपी, सुगर एवं अन्य बिमारियों की जांच कर दवाई प्रदान किया गया। वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसीन द्वारा 50 महिला हितग्राहियों को गैस कनेक्शन, 14 लोगों को बीपीएल राशन कार्ड 22 पीडीएफ में नाम जोड़कर राशन कार्ड प्रदान किया गया। शहरी आजीविका मिशन में प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों में असिस्टेंट हेयर स्टाईलिस 03, मल्टी कंसाइन कुक 03, हाउस कीपर एवं कुक, असिस्टेट इलेक्ट्रिशियन 05 लोगों को प्रमाण–पत्र प्रदान कर कुछ को प्लेसमेंट भी मिल गया।

सुपेला निवासी रुकसाना बेगम प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना प्राप्त करने के बाद खुश होंकर बता रही थी कि जब मैं गैस लेने गई थी तब मुझे गैस एजेंसी वाले ने बताया कि नया कनेक्शन 4800 रुपये के लगभग प्रदान किया जायेगा आज शासन द्वारा हमें मात्र 200 रुपये में पुरा कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है उस पर भी 175 रुपये हमारे खाते में वापस आ जायेगा मात्र 25 रुपये में हमारे घर में गैस कनेक्शन मिल रहा है मैं सपने में भी नही सोची थी।

लोक सुराज अभियान लक्ष्य समाधान के दौरान विधायक विद्यारतन भसीन, पार्षद श्रीमती धनेश्वरी सिन्हा, भोजराज भोजू, दीपक रावना, पूर्व पार्षद संतोष श्रीरांगे, एल्डरमेन शंकर लाल देवांगन, निगम आयुक्त के0एल0 चौहान, अधीक्षण अभियंता आर के साहू, जोन आयुक्त संजय बागड़े, अभियंता सुनील दुबे, कुलदीप गुप्ता, आलोक पसीने, योजना अधिकारी मूर्ति शर्मा, एवं निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनसम्पर्क विभाग